an>

Title : Need to repair approach roads to various railway stations under the control of railways in Gopalganj Parliamentary Constituency, Bihar - laid.

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज): मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र गोपालगंज की ओर दिलाना चाहता हूं । गोपालगंज जिले में सभी स्टेशनों को जोड़ने वाली रेलवे की रोड़ जर्जर अवस्था में है । मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज के लिए हर क्षेत्र में विकास के लिए रेलवे की बहुत बड़ी भूमिका है । गोपालगंज यावे, सासामुसा, जलालपुर, रतन सराय, सिधवलिया, दिधवा, दबौली इन सभी स्टेशनों तक जाने वाली सड़कें जो कि रेलवे के अधीन है, पूरी तरह से जर्जर स्थिति में है तथा रेलवे के अधीन वाली सड़के गढ्ढे में तब्दील है । बरसात के दिनों में पानी भर जाने से रेलवे स्टेशनों से आवागमन पूरी तरह से बाधित हो जाता है एवं जान-माल की भी हानि होती है । पूर्व में भी पूर्वोत्तर रेलवे के संबंधित अधिकारियों से पत्राचार किया गया लेकिन अब तक रेलवे स्टेशनों तक जाने वाली रेलवे के अधीन वाली सड़कों की मरम्मत नहीं हो पाई है ।

अतः मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि इस संबंध में विचार करते हुए जनहित में पूर्वोत्तर रेलवे के संबंधित पदाधिकारियों को गोपालगंज, थावे, सासामुसा, जलालपुर, रतन सराय, सिधवलिया, दिधवा दुबौली स्टेशनों तक जाने वाली सड़कों जो कि कई वर्षों से खराब है की मरम्मत कराने के लिए यथाशीघ्र निर्देश देने की कृपा की जाए जिससे कि मेरे क्षेत्रवासियों को स्टेशनों तक ट्रेन पकड़ने के लिए असुविधा का सामना न करना पड़े साथ ही रेलवे का अधिक रिवेन्यू भी बढ़े ।